मेट्रो-३ का सपना चढ़ा परवान

सामने आया 'एक्वालाइन' का मॉडल

सामना संवाददाता / मुंबई

मेट्रो-३ कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज कॉरिडोर का सपना अब परवान चढ़ गया है। इसके लिए 'एक्वालाइन' का मॉडल भी सामने आ गया है। कल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मेट्रो-३ कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज कॉरिडोर की मेट्रो (रोलिंग स्टॉक मॉडल) का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के सरकारी निवास 'वर्षा' पर आयोजित कार्यक्रम में मेट्रो-३ कॉरिडोर को एक्वालाइन नाम दिया गया है। आगामी नवंबर माह से कोच का उत्पादन शुरू हो जाएगा। अनावरण के मौके पर एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे के अलावा परियोजना निदेशक सुबोध कुमार गुप्ता, संचालक (प्रणाली) अजय कुमार भट्ट आदि अधिकारी उपस्थित थे।

- **जल्द शुरू होगा मेट्रो कोच का निर्माण**
- **मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन**

एमएमआरसी ने मेट्रो गाड़ी और उसके कोच की रचना व निर्माण का काम ऑलस्ट्रॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लि. को दिया है। इस अवसर पर अश्विनी भिडे ने कहा कि ऑलस्ट्रॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया सिटी फैक्ट्री में इस साल के नवंबर माह से मेट्रो गाड़ियों का उत्पादन शुरू हो जाएगा और एक साल में अपनी पहली ट्रेन का आगमन अपेक्षित है।

मेट्रो की विशेषता

- सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में यात्रा के लिए आर्द्रता नियंत्रित करनेवाले पूरी तरह से वातानुकूलित कोच होंगे।
- हर डिब्बे में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, आग से बचाव के लिए स्मोक डिटेक्टर और अग्निशामक यंत्र, इमर्जेंसी की स्थिति में यात्री और नियंत्रण कक्ष से संपर्क की व्यवस्था होगी।
- स्वच्छ और आसान वेंटिलेशन की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर सहित विशेष आसन की व्यवस्था, बैठने के लिए आरामदायक आसन की व्यवस्था, उद्घोषणा प्रणाली, डिजिटल मार्ग, मानचित्र सूचक, सूचना, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एलसीडी स्क्रीन आदि की व्यवस्था होगी।